**ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त | 3 DAYS 100/- | 15 DAYS 500/- | 1 MONTH 1000/- |
| डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) | 1 DAYS 500/- | 7 DAYS 1800/- | 1 MONTH 3000/- |
| पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित | Size 8x1 | Rs. 500/- | |
| गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई | Size 8x1 | Rs. 1000/- | |
| वैवाहिक | Size 6x1 | Rs. 500/- | |
| नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया | Display Classified Rate | | |
| वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द | Rs. 500/- | | |

**Contact:-**
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.


# अध्यात्म की शिक्षा से ही जीवन का निर्माण : आचार्यश्री

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** लौकिक शिक्षा से सुविधाएं तो मिल सकती हैं लेकिन आत्मिक सुख नहीं मिल सकता है। सच्चे सुख की प्राप्ति तो धर्म की शिक्षा से ही संभव है। लौकिक शिक्षा से जीवन का निर्वाह तो हो सकता है, जीवन का निर्माण नहीं। धर्म और आध्यात्म की शिक्षा से ही जीवन का निर्माण हो सकता है। यह विचार आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने आज रविवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

आचार्य श्री ने कहा किलौकिक शिक्षा शरीर नष्ट होने के साथ ही नष्ट हो जाती है, लेकिन धर्म और संस्कार तो मृत्यु के बाद भी साथ रहते हैं। राष्ट्र के निर्माण में हर एक इकाई की भूमिका होती है। आज का बालक कल का नागरिक है। अच्छे नागरिक का निर्माण अच्छे संस्कारों से होता है। ज्ञान किसी किताब या शास्त्र में नहीं अपनी आत्मा में ही है। सच्चा ज्ञान वही है जो दुखों से मुक्त कर दे ।जीवन एक सेतु है और सेतु पर घर नहीं बनाया जाता है। जीवन सत्य है वह एक यात्रा है और मृत्यु एक पटाक्षेप है। जीवन शुरूआत है और मृत्यु शुभांत है। जीवन एक नाटक है और मृत्यु एक पड़ाव है। मृत्यु ही जीवन का सत्य है। धर्मसभा का शुभारंभ जैन मिलन महिला नेमीनाथ ने दीप प्रज्वलित ओर मंगलाचरण कर किया। प्रवचन से पूर्व चातुर्मास कमेटी के महामंत्री निर्मल पाटनी, बालचंद्र जैन, प्रवीण गंगवाल, वीरेंद्र बाबा, प्रमोद जैन प्रिंट, विनय कासलीवाल, कमलेश जैन, महेंद्र जैन बंटी, आदि ने आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।




महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रवीण गंगवाल और विकास गंगवाल ने बताया कि परमपूज्य आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्षकल्याणक महोत्सव 31 जुलाई को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 29 से 31 जुलाई त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सकल जैन समाज ग्वालियर एवं सन्मति सुबल पावन वर्षायोग समिति की ओर से होगा। इस त्रिदिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 29 जुलाई मंगलवार को सुबह 07 बजे से समन्वयक भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र. 02 एवं आप और हम (जैन कमाण्डों) टीम ग्रेटर ग्वालियर के लश्कर, मुरार ओर उपनगर ग्वालियर, थाटीपुर जैन समाज एवं सकल जैन समाज की सभी संस्थाओं के निर्देशन में धर्म बचाओ, जैन साधु, साध्वियों की सुरक्षा, जैन मंदिर, जैन तीर्थ रक्षार्थ हेतु जिन शासन प्रभावना रेली निकली जाएगी। इस बाईक रैली में 23 बड़े चार पहिया वाहन, बुलेट, एक्टिवा, बाईक लेकर सम्मिलित होगे। इस रैली में जैन ध्वजा, महिला केसरिया साड़ी, पुरुष व्हाइट परिधान में टोपी पहनकर सम्मिलित होगे। रैली में बैण्ड, डी.जे. भी साथ में चलेंगे। इस रैली का जगह जगह जैन समाज के लोगो भव्य आगवानी करेंगे। यह रैली नई सड़क स्थित चंपाबाग बगीची से शुरू होकर फालका बाजार, शिन्दे की छावनी, लायंस पार्क गोपाचल पर्वत, फूलबाग, जयेन्द्रगंज, दाल बाजार, नया बाजार, हुजरात रोड, दौलतगंज, माधवगंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, नई सड़क, दाना ओली, मोर बाजार, जनकगंज, हनुमान चौराहा से होती हुई वापस चंपाबाग धर्मशाला पर समाप्त होगी। तत्पश्चात आचार्य श्री के मंगल उद्बोधन होंगे। इस रैली के लिए महिलाएं गाड़िया चलना सिखा रही हैं। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में 30 जुलाई को प्रात: 07 बजे से सहस्त्रनाम विधान आयोजित होगा। वही 09 बजे से आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होगे। वही रात्रि 07 बजे से संगीतमय पार्श्वनाथ स्त्रोत, पार्श्वनाथ चालीसा ओर भक्तामर स्त्रोत कार्यक्रम आयोजित चंपाबाग धर्मशाला नई सड़क पर होगे।

# यज्ञोपदेश व भजनोपदेश के साथ हुआ सत्संग समारोह

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** आर्य समाज मुरार की ओर से रविवार को यज्ञोपदेश एवं भजनोपदेश के साथ सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रधान रामप्रकाश वर्मा, सचिव सुरेंद्र राणा ने सामूहिक स्वस्तिवाचन मंत्र पाठ, सन्धा एवं यज्ञ में सहभाग लिया और अपनी आहुतियां डाली। पुरोहित सत्येंद्र शास्त्री ने यज्ञ कराते हुए कहा कि यज्ञ से सभी को मानसिक शान्ति मिलती है, और शारीरिक रोग दूर होते हैं। आगरा से आए सत्यदेव गुप्ता ने बताया कि यज्ञ से सब कुछ मिलता है। आर्य समाज यज्ञ को तीर्थ जैसा मानता है। इसलिए घर-घर में यज्ञ होना चाहिए। मंत्री सुरेन्द्र राणा ने कहा कि आर्य समाज मंदिर नई यज्ञ शाला बनायेगा। जिसमें चारों वेदों के मंत्र पाठ से यज्ञ होगा। नवकान्त शर्मा ने बताया कि पाखण्ड, अन्धविश्वास से बचना है तो सत्यार्थ प्रकाश जरुर पढ़े। रामप्रकाश कुशवाह ने भजन-कीर्तन किए। शान्ति, पाठ जय घोष से कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन सुरेन्द्र राणा ने तथा आभार प्रधान रामप्रकाश वर्मा ने व्यक्त किया।



# जैन मिलन महिला फालका बाजार ने की आदिनाथ भक्तामर पूजा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** जैन मिलन महिला, चंपाबाग धर्मशाला में एक सुंदर धार्मिक कार्यक्रम रखा गया।आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में श्री 1008भगवान आदिनाथ भक्तामर संगीतमय दीप आराधना की गई।इस आराधना में 48 दीपक जलाए गए और भक्तामर स्तोत्र का मधुर संगीत के साथ पाठ हुआ। सभी ने भक्ति भाव से भाग लिया। आरती के साथ यह शुभ कार्यक्रम पूरा हुआ।

इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रवीण गंगवाल,बालचंद सोनल,रेखा मौजूद रहे साथ ही शाखा सदस्य सुनीता, चंदा, शैलबाला, प्रीति, संतोष एवं शाखा अध्यक्ष शैफाली जैन एवं शाखा सचिव इंदु जैन और कार्यक्रम में सभी सदस्याओं की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने उत्साह और श्रद्धा से भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया।




# पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करें : बालेंदु शुक्ला

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री बालेंदु शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र भेजकर कहा है कि विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को अज्ञात आरोपी द्वारा मोबाइल फोन पर जिस तरह से हत्या करने की धमकी दी है वह एक चिंताजनक विषय है। उन्होंने उस मोबाइल के ऑडियो को सुना जिससे यह सिद्ध होता है कि आरोपी किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को ऐसी धमकियों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। प्रदेश की पुलिस को ऐसे अज्ञात आरोपी को मोबाइल की डिटेल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार करना चाहिए जो अभी तक नही किया गया, जबकि आज पुलिस के पास इस तरह के आरोपियों तक पहुंचाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं।



प्रदेश के पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार में वरिष्ठ राजनेताओं की सुरक्षा में राजनीतिक विचारधाराओं के विरोध के कारण कहीं ना कहीं ढील दी जा रही है जिससे अपराधी खुलेआम एक वरिष्ठ राजनेता को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर गोविंद सिंह को पुख्ता सुरक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए जिस डॉक्टर गोविंद सिंह एवं उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो ।






# जिझौतिया ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज ग्वालियर की बृहद बैठक रविवार को सत्कार गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में समाज के विभिन्न कार्यक्रमों जिनमें सम्मान समारोह, वर्षाऋतु मिलन समारोह के आयोजन, पौधरोपण एवं दहेज जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिये समाज की एकजुटता पर चर्चा हुई ।साथ ही समाज के ब्रहलीन सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मुख्य संरक्षक केडी सोनकिया, अध्यक्ष के पी अरजरिया, महामंत्री पंकज सोनकिया, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पस्तोर, कोषाध्यक्ष अटल बाजपेयी, पीताम्बर रावत, जीपी अरजरिया, द्वारका दुबे, श्रीकृष्ण चतुर्वेदी, गिरीश रावत, डॉ आलोक पुरोहित, शशिकांत चतुर्वेदी, धर्मेंद्र दुबे, चन्द्र प्रकाश दीक्षित, नवीन नायक, मंगल चौबे, प्रशांत चतुर्वेदी, रजनीश सोनकिया, बी के रावत, दीपक चौबे, दिनेश निचरेले, नीलू मिश्रा, दिनेश शुक्ला सहित मातृशक्ति उपस्थित रही।

## मेंहदा घाट पर सिंध नदी खतरे के निशान से ऊपर, हाई अलर्ट जारी

**ग्वालियर।** मोहिनी सागर पिक अप वीअर से सिंध नदी में 95000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। हरसी बांध से भी 27728 क्यूसेक पानी पार्वती नदी में होता हुआ सिंध नदी में आएगा। इस प्रकार कुल 95000 एवं 27728, कुल 122728 क्यूसेक पानी सिंध नदी में आएगा जिससे मेंहदा घाट पर लगातार जल स्तर बढ़ता रहेगा जो कि खतरे के निशान से ऊपर जाने की संभावना है। हाई अलर्ट जारी करते हुए प्रशासन ने सिंध नदी के किनारे सभी गांव एवं सभी आम जन को सतर्क रहने व नदी के तटबंध एवं आसपास के क्षेत्रों से दूर रहने को कहा है।

# हरसी में मिली अति कम वजन की बच्ची का कमलाराजा अस्पताल में इलाज जारी

## कलेक्टर ने दिए निर्देश, चिन्हित अति कम वजन के सभी बच्चों को एनआरसी की सेवायें दिलाएं

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को ग्राम हरसी में गृह भेंट के दौरान मिली अति कम वजन की बच्ची को चिकित्सक की सलाह पर बेहतर चिकित्सा के लिये एनआरसी भितरवार से कमलाराजा चिकित्सालय के एमएसटीयू में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को जिले में चिन्हित कम वजन के सभी बच्चों को एनआरसी की सुविधायें दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी एनआरसी की क्षमताओं का पूरा उपयोग करें और कोई भी अति कम वजन का बच्चा एनआरसी की सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही कहा है कि एनआरसी से छुट्टी के बाद सभी बच्चों का लगातार फोलोअप भी सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस अति कम वजन की बच्ची को कमलाराजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसका जन्म सितम्बर 2023 में हरसी में हुआ था। जन्म के 15 दिन बाद उसकी माता सोमवती बच्ची के साथ अपने मायके श्योपुर जिले के ग्राम पर्वती बड़ौदा में रहने चली गई। माता सहित बालिका के गाँव से चले जाने के कारण आगे फोलोअप नहीं हो सका। वह

**एनआरसी से छुट्टी के बाद लगातार फोलोअप करने पर दिया जोर**

कभी-कभार एक - दो दिन के लिये हरसी आती-जाती रहती थी। मार्च 2025 में होली पर वह दो दिन के लिये हरसी आई थी। इसके बाद फिर अपने मायके चली गई। गत 21 जुलाई को वह पुन: हरसी आईं थीं। इसी दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट के दौरान 22 जुलाई को उसकी बेटी को अति कम वजन का पाए जाने पर 23 जुलाई को एनआरसी भितरवार में भर्ती करा दिया। डॉक्टर की सलाह पर बेहतर चिकित्सा के लिये इस बच्ची को 25 जुलाई को कमलाराजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ब्रिटानिया न्यूट्रीशियन फाउण्डेशन के समन्वयक ने भी अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि यह बालिका 12 मई 2024 को सामान्य अवस्था में थी। उस समय उसका वजन 5.8 किलोग्राम एवं लम्बाई 64 सेंटीमीटर थी। माता सहित बालिका के गाँव से चले जाने के कारण यह बालिका ट्रैक नहीं की जा सकी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार अति कुपोषित बच्ची की माता सोमवती के कथन दिया है कि उनके आधार कार्ड सहित सारे कागजात उसके मायके ग्राम पार्वती बडौदा विकासखंड विजयपुर जिला श्योपुर में रखे हैं। वर्तमान में उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है। सोमवती के अनुसार दस्त लगने एवं कमजोर होने पर उसने अपनी बच्ची को विजयपुर के स्थानीय डॉक्टर को दिखाया था।

# खेड़ीरायमल के राहत शिविर में भोजन व पेयजल की पुख्ता व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** जिले के डबरा विकासखंड के ग्राम खेड़ीरायमल में जल भराव की वजह से रेस्क्यू किए गए परिवारों को यहाँ के पंचायत भवन में बनाए गए राहत शिविर में आश्रय दिलाया गया है। राहत शिविर में जिला प्रशासन द्वारा सभी लोगों के लिये चाय-नाश्ता एवं दोनों समय के भोजन व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्राथमिक चिकित्सा के इंतजाम भी किए गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को राहत शिविरों का लगातार निरीक्षण करने और पुख्ता व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर में तैनात जिला प्रशासन के मैदानी कर्मचारी राहत शिविर में रह रहे सभी रहवासियों को सम्मानपूर्वक भोजन परोसकर खिला रहे हैं।



# इस साल मानसून में लगभग डेढ़ माह में ही सामान्य औसत वर्षा का कोटा पार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** ग्वालियर जिले में इस साल के मानसून में लगभग डेढ़ माह के भीतर ही सामान्य औसत वर्षा का कोटा पार हो गया है। जिले में रविवार 27 जुलाई की सुबह 8 बजे तक 782.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। पिछले साल इस अवधि में लगभग 351.5 मिमी. वर्षा हुई थी। इस प्रकार पिछले साल से 431.4 मिमी ज्यादा वर्षा हो चुकी है। ज्ञात हो जिले की सामान्य औसत वर्षा 751.2 मिमी. है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस साल मानसून में सबसे अधिक

**जिले में रविवार की सुबह तक 782.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज**

966.3 मिमी. वर्षा मुरार (वर्षामापी केन्द्र ठाठीपुर) में दर्ज हुई है और सबसे कम 638.3 मिली मीटर वर्षा चीनौर तहसील में रिकॉर्ड की गई है। जिले के वर्षामापी केन्द्र बरई घाटीगाँव में 736.2, डबरा में 795.6 व भितरवार तहसील में 778.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। यह वर्षा गत एक जून से 27 जुलाई को सुबह 8 बजे तक की अवधि में दर्ज की गई है।

पिछले साल इस अवधि में मुरार में 452.1, घाटीगाँव में 497.2, डबरा में 296.7, भितरवार में 290.5 एवं चीनौर में 221.1 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई थी।

## कावड़ यात्रा से लौट रहे श्रद्धालु को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, अस्पताल में तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** करीला माता मंदिर से जल अर्पण कर लौट रहे कावड़ यात्री की एक बाइक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा प्रसिद्ध करीला माता मंदिर के पास हुआ। मृतक की पहचान लाखन यादव (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मुंगावली के वार्ड नंबर 5, कुशवाहा कॉलोनी का निवासी था।

लाखन यादव उज्जैन से अपने साथी बबलू कुशवाहा के साथ कावड़ लाकर करीला माता मंदिर में जल चढ़ाने पहुंचे थे। दो दिन से रुके हुए थे और घर लौटने वाले थे। लेकिन लौटते समय जैसे ही वह मंदिर क्षेत्र से बाहर निकले, एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि गंभीर रूप से घायल लाखन को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सेवढ़ा में सिंध नदी उफान पर

**ग्वालियर 27 जुलाई।** सेवढ़ा में सिंध नदी उफान पर आ गई है। वार्ड 1 में कंदरपुरा, मठन का पुरा एवं 2 जसू का पुरा के नदी से सटे निचले हिस्से में पानी पहुंच गया है। देर रात तक जलस्तर में वृद्धि जारी रहेगी। प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि बीते वर्ष जिनके द्वारा चेतावनी को नजरअंदाज कर स्वयं का नुकसान किया गया, वह सतर्क रहें।

# कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त शहर की निचली बस्तियों में पहुँचे

## कलेक्टर ने दिए निर्देश युद्ध स्तर पर करें जल भराव संबंधी समस्याओं का समाधान, अपनी मौजूदगी में कराई पानी की निकासी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** जिले में लगातार हो रही मानसूनी वर्षा से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की निचली बस्तियों में जल भराव से प्रभावित लोगों की मदद के लिये जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सम्पूर्ण राजस्व अमला अपने - अपने क्षेत्र में डटा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के साथ दीनदयाल नगर व

**नाले-नालियों के अवरोध हटाने की कार्रवाई का जायजा भी लिया**

भगतसिंह नगर सहित शहर की अन्य निचली बस्तियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निचली बस्तियों में मशीनों एवं नगर निगम के अमले की मदद से सड़कों पर भरे पानी की निकासी भी कराई। साथ ही नाले व नालियों में पानी का फ्लो बढ़ाने के लिये नगर निगम द्वारा की जा रही अवरोध हटाने की कार्रवाई का जायजा भी लिया।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव से संबंधित समस्याओं के निदान के लिये युद्ध स्तर पर कार्रवाई करें। कंट्रोल रूम में शिकायत मिलने पर तत्काल सहायता पहुँचनी चाहिए। इसमें ढिलाई पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह मानकर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निचली बस्तियों में पानी की निकासी के लिये अच्छा काम कर रहे नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को शाबाशी देकर प्रोत्साहित भी किया।






**हबीपुरा से 45 लोगों को किया रेस्क्यू :** ग्वालियर नगर निगम के वार्ड क्र.-61 में स्थित हबीपुरा के कुछ घरों के चारों ओर से पानी से घिर जाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में राजस्व, एसडीआरएफ एवं नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर भेजी। इस टीम ने एसडीआरएफ की मदद से जल भराव के बीच फँसे परिवारों को सुरक्षित निकलवाया। एसडीएम श्री अतुल सिंह ने बताया कि बाराघाटा औद्योगिक क्षेत्र के सामने स्थित हबीपुरा बस्ती में अलापुर डैम में पानी बढ़ने से जल भराव की स्थिति निर्मित हुई। इससे लगभग 15 परिवारों के 45 लोगों को एसडीआरएफ की नावों की मदद से सामान सहित सुरक्षित निकलवाया गया। ये सभी परिवार अपनी मर्जी से अपने रिश्तेदारों के यहाँ आश्रय लेने चले गए हैं। जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा एहतियात बतौर सरकारी भवनों को राहत शिविरों के लिये चिन्हित करके रखा गया है। यहाँ सभी आवश्यक व्यवस्थायें भी कर ली गईं हैं।

**बरोठा गाँव में कराई पानी की निकासी :** जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार निचली बस्तियों में पानी की निकासी कराने का काम करा रहे हैं। इस क्रम में एसडीएम डबरा श्री दिव्यांशु चौधरी व तहसीलदार श्री दिव्यदर्शन शर्मा ने डबरा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की निचली बस्तियों का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम बरोठा में हो रहे अत्यधिक जल भराव की निकासी कराई। इसी तरह जिले के अन्य एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्रों में राजस्व अमले के साथ पहुँचे और पानी की निकासी की व्यवस्था कराई।

एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण श्री सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि बीते रोज बैसली नदी में पैर फिसलने से गिर गए प्रीतम कुशवाह की लाश मिल गई है। जिला प्रशासन की टीम बीते रोज से ही एसडीआरएफ की मदद से प्रीतम को खोजने में जुटी थी। रविवार को सकतपुरा के समीप नदी में प्रीतम कुशवाह की डेड बॉडी टीम को मिली है, जिसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

एसडीएम भितरवार श्री संजीव जैन ने बताया कि भितरवार अनुविभाग के अंतर्गत सड़कों पर स्थित पुल-पुलियों व निचली बस्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पानी बढ़ने पर निचली पुल-पुलियों से आवागमन भी बंद कराया गया है। साथ ही स्थानीय निवासियों को पानी बढ़ने पर पुल-पुलियों से न निकलने के लिये सतर्क कर दिया गया है।